तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 15 दिसंबर 2024



14 जनादेश परब पर शामिल हुए आमदी के भाजपा कार्यकर्ता





16 डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में भी विकास की ...







श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध





बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध





24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज





बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा


## खबर संक्षेप

### अमलीडीह में मड़ई आज

**मगरलोड।** ग्राम अमलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग 15 दिसंबर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमलाल नाग, कोषाध्यक्ष तुलसी राम निषाद, सचिव कन्हैया यादव, नेमू निषाद ने बताया कि रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भुईयां के अंजोर ग्राम गाजर जिला महासमुंद का कार्यक्रम होगा।

### सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक 15 को

**धमतरी।** सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण की बैठक 15 दिसंबर रविवार को दोपहर 1 बजे देवपुर में रखी गई है जिसमें युवा प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। 31 दिसंबर के कार्यक्रम की चर्चा होगी। बैठक के मुख्य अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र भारती होंगे। कार्यक्रम का संचालन सचिव जितेंद्र जांगडे करेंगे। यह जानकारी नवीन मार्कंडेय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने दी है।

### रसायनशास्त्र विभाग की प्रायोगिक परीक्षा 17 को

**कुरूद।** बीएससी प्रथम सेमेस्टर डीएससी एवं जीई केमिस्ट्री के नियमित, अमहाविद्यालय एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 17 दिसंबर को प्रातः 9 बजे होगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि पर समय से आधा घण्टा पूर्व विभाग में प्रायोगिक फाइल, लेखन सामग्री के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### पुरूर में सहस्त्रबाहु जयंती एवं सम्मान समारोह आज

**पुरूर(धमतरी)।** छग डड़सेना कलार समाज तहसील गुरूर द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन 15 दिसम्बर को ग्राम पुरूर में रखा गया है। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा होंगे। अध्यक्षता तहसील गुरूर मंडलेश्वर चंदनलाल सिन्हा करेंगें। विशेष अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष राकेश यादव, जिपं सभापति मीना साहू, सरपंच सुकृति यादव, डां बिसम्भर सिन्हा, जिला मंत्री चंद्रहास सिन्हा, विनेश गजेन्द्र, घनश्याम सिन्हा, दुर्गुराम सिन्हा, डीआर गजेन्द्र, दिनेश सिन्हा, संतोष सिन्हा, दिनेश्वरी सिन्हा, रेणुका सिन्हा, शशिकला कुभंज होंगे।



### सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

**धमतरी।** पैदल घर लौट रही वृद्धा को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में घायल वृद्धा की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार केरेगांव निवासी कुन्तीबाई पति प्यारीराम उम्र 70 वर्ष शुक्रवार को बस्ती की तरफ गई थी जहां से वृद्धा शाम को पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने वृद्धा को ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान रात्रि में घायल वृद्धा की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शनिवार को मर्ग कायम कर पंचनामा व शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

---

उठाव में तेजी नहीं आई तो 20 दिसंबर से खरीदी बंद करने की चेतावनी

# जितनी खरीदी, उसका आधा धान का भी उठाव नहीं, इसलिए जाम

**फैक्ट फाइल**

| दिनांक | धान खरीदी | उठाव |
|---|---|---|
| 10 दिसंबर | 161190 | 48676 |
| 11 दिसंबर | 155531 | 67957 |
| 12 दिसंबर | 139509 | 63158 |
| 13 दिसंबर | 176465 | 153245 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रोजाना जिस हिसाब से धान की खरीदी हो रही है, उसका आधा धान का भी परिवहन नहीं हो रहा है। यही कारण है कि धान खरीदी केंद्रों में स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई खरीदी केंद्रों में जाम के चलते धान खरीदी करना भी मुश्किल हो गया है। उधर सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उठाव में तेजी नहीं लाई जाती है तो वे 20 दिसंबर के बाद खरीदी बंद करने को मजबूर हो जाएंगे।

राइस मिलर्स की हड़ताल समाप्त हो चुकी है लेकिन उठाव में अभी तक उतनी तेजी नहीं आई है, जितनी उम्मीद की जा रही थी। रोजाना खरीदी केंद्रों में जितनी धान की आवक हो रही है। उसका आधा धान भी नहीं उठ रहा है। इस समस्या के चलते खरीदी केंद्रों में धान जाम होने लगा है। तरसींवा, मड़ेली, मोहंदी, छाती, जीजामगांव, कोड़बोड, शंकरदाह सहित लगभग सभी धान खरीदी केंद्रों में जाम बफर लिमिट से ज्यादा पहुंच गया है। स्थिति देखें तो जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में रोजाना डेढ़ लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो रही है, लेकिन उठाव 50 से 65 हजार क्विंटल ही हो रहा है। 13 दिसंबर शुक्रवार को तो 1 लाख 76 हजार 465 क्विंटल धान की खरीदी की गई। शुक्रवार ,शनिवार को मिलाकर दो दिन में 1 लाख 53 हजार 245 क्विंटल धान का उठाव हो पाया। अब तक की स्थिति पर नजर डालें तो कुल 27 लाख 12 हजार 782 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इसमें से 7 लाख 47 हजार 286 क्विंटल धान का उठाव हुआ है।



### हड़ताल का दिखा असर

धान खरीदी केंद्रों में जाम का मुख्य कारण राइस मिलर्स की हड़ताल है। धान खरीदी तो तय समय में चालू हो गई थी, लेकिन अपनी मांगों पर डटे राइस मिलर्स ने न तो समय पर अनुबंध कराया और न ही धान का उठाव किया। उनका आंदोलन लम्बा चला, जिसके चलते खरीदी केंद्रों में मेगा जाम हो चुका था। सप्ताह भर पहले राइस मिलर्स की हड़ताल समाप्त हुई है। लेकिन अभी तक उठाव फ्लो में नहीं आया है।

### तो करेंगे आंदोलन

बठेना सहकारी समिति में सहकारी समिति कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में उठाव की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी जताई गई। संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि धान खरीदी के लिए कई समितियों में जगह नहीं बची है। धान में इसमें सूखत आ रही है । इससे समिति को आर्थिक क्षति होगी और कर्मचारियों को कार्रवाई होने का डर है। खुले आसमान के नीचे अरबों का धान समितियों में रखा गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर तक धान का उठाव कर समितियों को राहत क नहीं दी जाती है तो 21 दिसंबर को जिला संघ की बैठक रखकर धान खरीदी बंद करने का निर्णय लिया जाएगा ।

### प्रबंधक की मौत की जांच की मांग

धान खरीदी के दौरान आमदी समिति प्रबंधक नारायण साहू की मौत हो गई। कर्मचारियों ने संवेदना व्यक्त की। बैठक में आवाज उठाई गई। बैठक में स्वर्गीय नारायण साहू के परिवार वालों को मुआवजा व परिवार के सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग की। इसके अतिरिक्त मौत की सीबीआई जांच कराने की मांग रखी। संघ के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि गत वर्ष की धान खरीदी का कमीशन, शून्य शॉर्टेज की प्रोत्साहन राशि और ब्याज अनुदान की राशि भी समितियों को प्राप्त नहीं हुई है। इससे तिरपाल, भूसा, चुंगड़ी, हमालों की मजदूरी देने में समस्या आ रही है। कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने शासन से इन सभी का भुगतान शीघ्र करने की मांग की है।

---

# पोटाश बम के शिकार हुए शावक अगहन के तीन आरोपी गिरफ्तार

- फरार अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी
- अगहन माह बीतने से पहले सुलझी अगहन की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पोटाश बम के शिकार हुए अगहन की गुत्थी सुलझ गई है। एंटी पोचिंग टीम ने गरियाबंद पुलिस की सहायता से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं तीन आरोपी फरार हैं। गिरफ्तार आरोपियों के घर से 7 नग जिंदा पोटाश बम, मयूर के पैर, चीतल, सांभर की हड्डी एवं फंदा जब्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उदंती सीतानदी रिजर्व फारेस्ट हाथी दल के नाम से जाना जाता है। एंटी पोचिंग टीम से मिली जानकारी के अनुसार 6 नवंबर की शाम को जंगली सुअर के लिए शिकार के लिए आरोपियों ने अलग- अलग चार जगह पोटाश बम लगाए थे। 7 नवंबर की सुबह आरोपी जब मौके पर पहुंचे तो तीन बम साबूत मिले। एक बम नहीं मिला। उसके आसपास खून के धब्बे और हाथी के पदचिन्ह देखकर आरोपी मौके से चले गए। 8 नवंबर को शावक हाथी के घायल होने की सूचना मिली। घटनास्थल से 6 किमी तक दो हाथियों के पदचिन्ह के साथ खून के धब्बे मिले। डॉग स्क्वाड बुलाया गया। सीसीएफ भी मौके पर पहुंची। डाक्टरों की मदद से रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया। 9 से 12 नवंबर तक ड्रोन के माध्यम से घायल शावक हाथी की उम्र 4 से 5 साल होने का पता चला। जो मादा हाथी के साथ दल से कुछ दूर विचरण कर रहा था। टीम ने महुआ और गुड़ के लड्डू बनाकर उसमें दवाई मिलाकर खिलाने की कोशिश की। पीओआर 79/19 दर्ज किया गया।





14 से 18 नवंबर के बीच धमतरी-गरियाबंद वन मंडल होते हुए ओंड-आममोरी की 2500 फीट ऊंची पहाड़ी में चढ़ गया। 26 नवंबर को शावक रिसगांव कोर परिक्षेत्र में दिखाई दिया। उसकी मां उससे 4 से 5 किमी दूर थी। 27, 29 नवंबर तथा 6 दिसंबर को घायल शावक को ट्रंककुलैय्ज कर इलाज किया गया। सरगुजा से दो महावत इसकी देखरेख के लिए बुलाए गए। सीसीएफ सतोविशा समाजदार ने घायल बच्चे का नाम अगहन रखा। इसी बीच घायल हाथी ने 3 दिसंबर को ग्राम आमाबहार में एक बच्ची को कुचल डाला। हाथी निगरानी डयूटी से एसडीओ सीतानदी एवं दो वनरक्षक नदारद पाए गए जिससे हाथी को ट्रेस करने में देर हुई। 7 दिसंबर को तौरेंगा बफर परिक्षेत्र में हाथी की उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हाथी के मुंह में विस्फोट की वजह से जीभ का कुछ हिस्सा एवं अंदरूनी जबड़ा का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त होना पाया।

13 दिसंबर को गरियाबंद पुलिस से डंप डाटा उपलब्ध होने एवं गोपनीय सूचना पर एंटी पोचिंग टीम ने संदेहियों के घरों में छापामारी की। जहां 7 नग जिंदा पोटाश बम, मयूर के पैर, चीतल-सांभर की हड्डी तथा फंदे जब्त किए गए। आरोपी टीकमचंद पिता धनसिंग नेताम, रोहितकुमार पिता धनुष मंडावी, राकेश पिता रामनाथ सोरी को क्राइम सीन पर ले


▶▶ शेष पेज 15 पर


---

# टैंकर की ठोकर से पुलिस जवान की मौत, आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतरे

- नाइट ड्यूटी करके घर संबलपुर लौट रहा था जवान
- सेहराडबरी के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा थाना में नाइट ड्यूटी कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार पुलिस जवान को तेज रफ्तार पेट्रोल टैंकर ने चपेट में ले लिया। इस घटना में जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर हाईवे जाम कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम संबलपुर निवासी केशवमुरारी सोरी पिता नारायण सिंह सोरी उम्र 27 वर्ष पिछले दो साल से भखारा थाना में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। आरक्षक अपने घर संबलपुर से ड्यूटी करने भखारा जाता था। शुक्रवार को जवान की थाने में नाइट ड्यूटी लगी थी। रात में ड्यूटी करने के पश्चात आरक्षक शनिवार की सुबह बाइक से वापस धमतरी आकर रूद्री रोड की तरफ चला गया। जहां से आरक्षक लगभग सुबह 10 बजे बाईक से नेशनल हाईवे से होते हुए वापस अपने घर संबलपुर आ रहा था। इसी दौरान सेहराडबरी के पास रिलायंस पेट्रोल पंप के आगे तेज रफ्तार पेट्रोल टैंकर के चालक ने बाइक सवार आरक्षक को अपनी चपेट में ले लिया। टैंकर की ठोकर से आरक्षक का सिर धड़ से अलग होकर सड़क पर बुरी तरह से कुचला गया। जबकि आरक्षक हेलमेट पहना हुआ था। इस घटना में आरक्षक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस के शिवा प्रधान मौके पर पहुंच गए लेकिन पुलिस व अधिकारी को घटनास्थल पहुंचने में 20 मिनट से अधिक का समय लग गया। इधर हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर नेशनल हाईवे को लगभग 20 मिनट तक जाम कर दिया। कुछ देर बाद पुलिस व अधिकारी तथा उसके बाद फोर्स घटनास्थल पहुंची। शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद आरक्षक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।





### पिता नक्सली मूवमेंट में हुए थे शहीद

मृतक के पिता नारायण सिंह सोरी पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। 1998 में बस्तर के बांसवाड़ा में नक्सली मुठभेड़ में वे शहीद हो गए थे। उस समय केशव मुरारी की उम्र 3 वर्ष थी। 12 वर्ष होने पर केशव बाल आरक्षक बने। बालिग होने पर नियमित हो गए।

### पिता के जाने के बाद परिवार में तीन लोग थे

पिता के शहीद हो जाने के बाद घर में केशवमुरारी सोरी, उसकी मां विमला बाई सोरी व भाई तुम्बेर सिंह सोरी रह गए लेकिन आरक्षक केशव मुरारी की सड़क हादसे में मौत के बाद परिवार में मां व भाई रह गए हैं।

### परिवार सहित गांव में छाया मातम

मृतक केशव मुरारी के घर के सामने रहने वाले मामा गौतम के यहां शादी कार्यक्रम चल रहा है। बारात रविवार को आनी है। आरक्षक केशव मुरारी को ड्यूटी के बाद घर पहुंचकर शादी में शामिल होना था लेकिन हादसे में मौत के बाद परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया है।

---

अव्यवस्था को लेकर अभ्यर्थियों का फूटा गुस्सा

# स्वास्थ्य विभाग में रात तक हुई भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम की संविदा प्रक्रिया में रात्रि तक भर्ती परीक्षा ली गई। वहीं पात्र-अपात्र व दावा-आपत्ति का उचित निराकरण तथा अव्यवस्था को लेकर नाराज अभ्यर्थियों ने हंगामा मंचाया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग के 66 संविदा पद के लिए स्वास्थ्य विभाग में इन्टरव्यू के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को पद क्रमांक 4, 5 व 6 के लिए रात्रि 8 बजे तक परीक्षा ली गई। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने अभ्यर्थी सुबह से स्वास्थ्य कार्यालय पहुंच गए थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे रात तक भूखे-प्यासे डटे हुए थे। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पात्र को अपात्र किया जा रहा है। दावा-आपत्ति को भी रद्द कर दिया गया। अभ्यर्थियों द्वारा पूछने पर सही कारण नहीं बताया गया। लिखित परीक्षा की बात कही गई थी। इस तरह की लापरवाही व अव्यवस्था को लेकर दूरदराज से पहुंचे परेशान अभ्यर्थियों ने रात्रि में सीएमएचओ कार्यालय के सामने हंगामा कर दिया। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने पहुंचे बिलासपुर की संगीता, बसना की अरीका सिदार, रश्मि ग्वाल, अनिल सहित अन्य अभ्यर्थियों ने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी ने तीन पद पर आवेदन किया है तो उसे दो पद के लिए अपात्र घोषित किया जा रहा है। शुद्धि प्रमाण- पत्र को नहीं मान रहे हैं। उसके स्थान पर नियुक्ति प्रमाण पत्र मांग रहे हैं जबकि सरकार द्वारा कोरोना काल में किए कार्य को लेकर किसी तरह का नियुक्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है।



### अभ्यर्थियों की संख्या अधिक थी

सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने मीडिया को बताया कि शुक्रवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने पहुंचे थे। संख्या अधिक होने के कारण दस्तावेज जांच, दावा-आपत्ति निराकरण में समय ज्यादा लगने के कारण रात हो गई। कोरोना काल में किये कार्यों का 10 अंक दिया जा रहा है।

### कुकरेल में 6 को मड़ई मेला, रात्रि में होगा नाचा

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्रामवासियों एवं व्यापारियों के सहयोग से ग्राम कुकरेल में 6 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मोखा पचपेड़ी का झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी गिरधारी सिन्हा ने दी है।




## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### बेलर में 21 से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**जीजामगांव।** महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बेलर के कृषि भवन पुराना बाजार चौक में दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजन 21 से 27 दिसंबर तक किया गया है। प्रवचनकर्ता सुश्री गंगा देवी बिरेझर वृदांवन धाम होंगी। परायणकर्ता पं. राजेंद्र महाराज बिरेझर होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि 21 दिसंबर को कलश यात्रा, गौकरण कथा, श्री भागवत महत्व, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, सृष्टि वर्णन, 22 को कपिल अवतार, शिव सती चरित्र, श्री ध्रुव कथा, 23 को नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, 24 को भरत चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन कथा, राम जन्म, कृष्ण जन्म, 25 को बाल चरित्र, श्री माखन लीला, 26 को रुक्मणि विवाह, 27 को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चढ़ोत्तरी होगी।


सुश्री गंगा देवी

### जीजामगांव में मनेगी गुरु घासीदास की जयंती, निकलेगी कलश यात्रा

**जीजामगांव।** जीजामगांव में सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई जायेगी। 17 दिसम्बर को कलश यात्रा, 18 दिसम्बर को शाम 5 बजे बाबा गुरु घासीदास की की जयंती मनेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि 18 दिसम्बर को मिनी माता बालिका पंथी पार्टी रोहिना राजिम की प्रस्तुति होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर गंवई गंगा नाचा पार्टी परसाही का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता सुलोचना कृपाराम महिलांगे सरपंच करेंगी। विशेष अतिथि टिकेश्वरी मारकंडे सदस्य जनपद पंचायत कुरूद होंगी।



## निधन

### पवन साहू

**जीजामगांव।** कृषि साख सहकारी समिति जीजामगांव के प्राधिकृत अधिकारी ढालचंद साहू के पिता पवन साहू का निधन 12 दिसंबर गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जीजामगांव के शांतिघाट में किया। उनके निधन पर कौशलबाई साहू, ढालचंद साहू, भूमिका साहू, आत्माराम, उत्तम, जागेश्वर, गेवेंद्र, रविंद्र, श्यामकुमार, हरीश, रवि, फनीश, मोनेश सहित अन्य ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट किया है।



**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

24 दिसंबर को सभी चयनित युवाओं को किया जायेगा सम्मानित

# बढ़ाया समाज का मान, एक साथ 4 युवकों का सेना में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

सतनामी समाज के युवा लगातार विभिन्न शासकीय सेवाओं में चयनित होकर समाज का नाम रौशन कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व समाज के युवा सिविल जज के रूप चयनित हुए थे। एक बार फिर एसएससी भर्ती में सतनामी समाज के युवाओं का चयन हुआ है।

उल्लेखनीय है कि भखारा क्षेत्र के ग्राम बोरझरा से राजीव रात्रे पिता कोमल सिंह, संजीव रात्रे पिता कोमल सिंह का चयन सीआईएसएफ में चयन हुआ है। ग्राम कोपेडीह से प्रदीप बंजारे और वीरेंद्र देशलहरे का चयन सीमा सुरक्षा बल में हुआ है। सतनामी समाज के चारों युवाओं का एक साथ चयन होने पर जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने हर्ष जताया है। ज्ञात हो कि चारों युवा पिछले पांच वर्षों से फौज में जाने का सपना लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। कई बार असफल होने के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार प्रयास किया। अंततः एसएससी की कड़ी परीक्षा पास कर सेना में सिलेक्ट हुए हैं।

सतनामी समाज बोरझरा के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बंजारे ने बताया कि 24 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती पर सभी चयनित युवाओं को सम्मानित किया जायेगा।



**बोरझरा के दोनों भाई का एक साथ चयन**

बोरझरा निवासी कोमल सिंह रात्रे पेंटिंग का काम करता है। उन्होंने अपने दोनो बेटों का पढ़ा-लिखकर इस काबिल बनाया कि आज उनके दोनों पुत्र राजीव व संजीव का एक साथ सेना चयन हुआ है। दोनों के फौज में चयन से रात्रे परिवार सहित गांव में हर्ष का माहौल है। ज्ञात हो कि कोमल सिंह रात्रे का छोटा बेटा संजीव रात्रे पहले ही अग्निवीर सैनिक के रूप में सेवा दे रहा है। अब एक बार पुनः उनका सिलेक्शन सीआईएसएफ में होने से खुशियां दोहरी हो गई है। पूरा परिवार हर्षित है।

# चेतनानंद एवं ख्याति ने राष्ट्रीय एकता शिविर में छग का किया प्रतिनिधित्व

- राजकीय गीत अरपा पैरी के धार को मिला तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)




महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की रासेयो स्वयंसेविका ख्याति साहू पिता कामता प्रसाद साहू गुजरा का चयन माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर बरेली के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा किया गया। वह एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्रा है। शिविर 5 से 11 दिसंबर तक आयोजित था। इसमें छत्तीसगढ राज्य सहित अन्य 11 राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। सभी राज्यों के स्वयंसेवक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने प्रदेश की कला संस्कृति के बारे में परिचय दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय गीत अरपा पैरी के धार को ख्याति सहित 4 स्वयंसेवक ने गाकर पूरे 12 राज्यों में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता शिविर पाटन गुजरात में आयोजित हुआ जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के दल में महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक चेतनानंद का चयन हुआ था।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे समेत महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।



## गोस्वामी समाज ने मनाई भगवान दत्तात्रेय जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

जिला गोस्वामी समाज ने भगवान दत्तात्रेय जयंती मनाई। धर्मनगरी राजिम स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर में पूजा-अर्चना कर समाज के लिए शुभ मंगलकामना की गई। इस अवसर पर नीलाम बन गोस्वामी, विजयपुरी गोस्वामी, दिनेशपुरी गोस्वामी, रंजीतपुरी गोस्वामी, हेमन्तगिरी गोस्वामी उपस्थित थे।

# जनादेश परब पर शामिल हुए आमदी के भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

साइंस कॉलेज ग्राउंड रायपुर में आयोजित जनादेश परब पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगतप्रकाश नड्डा ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर किए गए विकास कार्यों और वादों की पूर्ति पर प्रकाश डाला। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन का यह एक वर्ष राज्य के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस एक वर्ष में भाजपा सरकार ने अपने वादों को पूरा कर यह साबित किया है कि वह जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना के तहत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस राशि समय पर वितरित की गई। वर्तमान में किसानों के लिए 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 क्विंटल धान खरीद सुनिश्चित की जा रही है। भूमि रजिस्ट्री शुल्क को कम कर आम जनता को राहत दी गई। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमन्त माला, तेजराम साहू उपाध्यक्ष, उमानंद कुम्भकार, कोमल यादव, सुनीता साहू, असरु साहू, जागेश्वर, त्रिभुवन मटियारा, दीनदयाल, श्रवण, रोमलाल, परमेश्वर, चेतन, राजेंद्र, नारायण मटियारा, आसकरण समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शमिल हुए।



# बैंकों में समिति प्रबंधकों की भर्ती जल्द प्रारंभ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर द्वारा प्रदेश की सहकारी समितियों में व्यापम के माध्यम से आल इंडिया स्तर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के रिक्त क्रेडर प्रबंधकों की भर्ती प्रारंभ कर नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया है।

नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष व प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व पंजीयक श्री पाठक ने सेवा नियम 2018 में समिति कर्मचारियों से सीमित भर्ती के माध्यम से 50 फीसदी जिला सरकारी बैंकों के क्रेडर प्रबंधकों पर भर्ती का नियम बनाया था जिससे कर्मचारियों में बैंकों में नौकरी पाने की आस थी। लेकिन पूर्व पंजीयक श्री दुग्गा ने एक आदेश जारी किया जिसमें व्यापम के माध्यम से ऑल इंडिया स्तर पर पहले सीधी भर्ती होगी। उसके बाद ही समिति कर्मचारियों से भर्ती होगी। इससे सैकड़ों पीड़ितों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने भी आदेश जारी किया कि सीधी भर्ती पहले होगी। उसके बाद सीमित भर्ती होगी। अब 30 से 40 वर्षों से समिति में प्रबंधक के रूप में कार्य करने वाले अन्य और कर्मचारियों का भविष्य गर्त में चला गया। सीधी भर्ती में आने वाले बैंक कर्मचारी बैंक में सीनियर बनकर प्रबंधक बन जाएंगे। उसकी पदोन्नति सुपरवाइजर में पहले होगी। इसके बाद सीमित भर्ती से समिति से जाने वाले कर्मचारी बैंक में प्रबंधक रहेंगे। शासन प्रशासन द्वारा समिति के कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने छग शासन से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द सीमित भर्ती प्रक्रिया के तहत बैंकों में समिति प्रबंधकों की भर्ती प्रारंभ की जाए।




## गोजी में आज लाखों के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत गोजी में आज 15 दिसंबर को विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन अजय चंद्राकर विधायक कुरूद करेंगे। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक लागत 11.69 लाख, आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 6.45 लाख ,माध्यमिक शाला से ज्ञानिक घर तक पौधरोपण कार्य 6 लाख, कैलाश घर से चुम्मन घर तक पौधरोपण कार्य 3 लाख ,माध्यमिक शाला से चुम्मन घर तक पाइपलाइन विस्तार 1 लाख , माध्यमिक शाला से चुम्मन घर तक की स्ट्रीट लाइट ,भुवनेश्वर घर से पक्की नाली निर्माण 2 लाख, शौचालय निर्माण 0 .50 लाख ,केशव घर से रिखी घर तक सीसी रोड 3 लाख, रिखी घर से नंदलाल घर तक 1 लाख व भूमिपूजन कृष्ण घर से विष्णुदेव खेत तक पक्की नाली निर्माण 5.10 लाख, वासुदेव घर से शिवनंदन घर तक पक्की नाली निर्माण 2 लाख, विष्णु खेत से दादू खेत तक पक्की नाली निर्माण 3 लाख, मोहन घर से कन्हैया घर तक पक्की नाली निर्माण 4 लाख, सार्वजनिक शेड निर्माण भाटापारा 6 लाख ,सामुदायिक बुनकर भवन 6.90 लाख, रंगमंच नया बाजार चौक 2 लाख के कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण किया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भानु चंद्राकर नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत कुरूद करेंगे। विशिष्ट अतिथि गौकरण साहू विधायक प्रतिनिधि कुरूद, तामेश्वरी साहू जनपद सदस्य कुरूद, पुष्पेंद्र साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष सिर्री, वीणा जयमित्र साहू पूर्व सरपंच गोजी, ठाकुर राम साहू पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, पोखराज साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज, बरातू साहू ग्रामीण अध्यक्ष गोजी, तुकाराम साहू ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष समेत वरिष्ठगण दाऊदास वैष्णव, गोविंद साहू, तेजराम साहू, धनसिंग साहू मौजूद रहेंगे। इस दौरान सुबह 9 बजे से 12 बजे तक मोर संगवारी छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच कुरूद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच थानेश्वर तारक व पंचायत के सभी पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

## समाजसेवी ने की डिप्टी सीएम से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

समाजसेवी तुकेश साहू ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों सहित समाज में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। डिप्टी सीएम ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनने के बाद सामाजिक समस्याओं का समाधान करने की बात कही।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के प्राचार्य डॉक्टर प्रभा वेरुलकर के निर्देशन व स्वीप प्रभारी डॉक्टर यशोदा साहू के मार्गदर्शन में कैंपस एंबेसडर पंकज साहू एवं गीतांजलि द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। संदेश दिया गया कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या जनवरी 2025 में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले हैं, वे सभी फॉर्म सिक्स के माध्यम से वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से और वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीयन करायें। शत-प्रतिशत पंजीयन से ही शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। बताया गया कि सभी अपने मत का प्रयोग करें। बिना भय और लालच के मतदान करें। अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें जिससे लोकतंत्र को सशक्त बनाया जा सके।



## शौचालय निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम जोरातराई के शासकीय प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नंदकुमार बनपेला, सरपंच खिलावन पाल, मानसिंह साहू प्रधानपाठक, गंगाप्रसाद साहू, महेंद्र साहू, होचंद डांडे, पुष्पा ठाकुर समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

हेमंत पाल ने प्रशिक्षणार्थी बच्चों को मार्गदर्शन दिया

# अग्निवीर हेमंत पाल का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छग जिला रायपुर के तत्वावधान में संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हेमंत पाल का चयन अग्निवीर में हुआ था। अपनी ट्रेनिंग आर्टिलरी सेंटर हैदराबाद में पूरी कर पहली बार छुट्टी पर घर आया। इस दौरान निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर के प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने उनका स्वागत किया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि कैप्टन दो रेवती रमण देवांगन थे। विशेष अतिथि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छग के प्रांतीय कोषाध्यक्ष हवलदार संतोष साहू, प्रांतीय संयोजक नायक रवि साहू, नायक लीलेश्वर कुंजाम, हवलदार चंद्रा, प्रधान आरक्षक ईश्वरीलाल गायकवाड़, आरक्षक छगनलाल, शीतल साहू एवं संस्था के प्रशिक्षक नायक कमलनारायण मिश्रा, नायक योगेश साहू, नायक अश्वनी साहू, हवलदार नर्सिंगराम गिलहरे थे।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं अग्निवीर हेमंत पाल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया। डॉ. रेवती रमण देवांगन ने कहा कि वह सभी बच्चों का निःशुल्क मेडिकल करेंगे।





**Pride of Dhamtari**

**राजनीतिक कटआउट**
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
**हीरा आर्ट्स** सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी **93011-01400**




**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप




### आमंत्रण हेरिटेज में निःशुल्क योग शिविर आज

**धमतरी।** भारतीय योग संस्थान रायपुर द्वारा आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन राधास्वामी सत्संग के सामने रूद्री रोड धमतरी में रवविवार को सुबह 6 बजे से 8 बजे तक निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक मुकेश सोनी रायपुर द्वारा मधुमेह रोग एवं उससे उत्पन्न रोग गुर्दे की खराबी, नेत्ररोग, हृदय रोग, रक्तचाप रोग, पैरों के रोग व घाव के देर से ठीक न होना सहित अन्य असाध्य व्याधियों के उपचार का तरीका योग से सिखाया जाएगा। शिविर में भाग लेने हीरालाल गजेन्द्र, केके साहू, डॉ. भूपेन्द्र साहू, एमएल साहू, केआर साहू, पारस जैन, दीपक लखोटिया से संपर्क कर सकते हैं।

### खपरी में पंथी नृत्य एवं कला स्पर्धा 19 एवं 20 को

**अंवरी।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम



खपरी (बंगोली) में दो दिवसीय संगीतमय पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता रखी गई है। 18 दिसम्बर को बाबा गुरू घासीदास जयंती पर 2 बजे पालो (झंडा) चढ़ाना एवं 19 दिसम्बर एवं 20 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से पंथी नृत्य प्रतियोगिता होगी। पुरुष वर्ग में प्रथम इनाम 8001 रू, द्वितीय 6001 रू, तृतीय 4001 रू, चतुर्थ 2001 रू एवं महिला वर्ग में प्रथम इनाम 5001 रू, द्वितीय 4001 रू, तृतीय 3001 रू, चतुर्थ इनाम 2001 रूपये रखा गया है। प्रतियोगिता की तैयारी में मिथिलेश बान्धे, सुमित केसरी समेत अन्य जुटे हैं।

एक वर्ष पूरा होने पर जनता ने दी अपनी प्रतिक्रिया

# साय सरकार की उपलब्धियों को नागरिकों ने बताया सुशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महावीर चोपड़ा



हेमराज सोनी



आकाश पांडे



विजय मोटवानी



महेन्द्र खंडेलवाल

राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ में हुए विकास कार्य, उपलब्धियों के लेखा-जोखा के संबंध में नागरिकों ने अपने विचार साझा किए हैं। कुछ लोगों ने इसे अच्छा शासन कहा तो कुछ ने इसे फेलयर सरकार कहा।

शहरवासी महावीर चोपड़ा ने कहा कि छग में भाजपा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां आम जनता के सामने हैं, जिसे हर नागरिक महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में सरकार ने पहले ही साल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। साय सरकार में किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, युवा वर्ग, आदिवासी वर्ग सभी खुश हैं। सरकार ने सभी लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं लागू की हैं।

युवा नेता हेमराज सोनी ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार में एक साल के अंदर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने योजनाएं बनाई गई हैं। सरकारी नौकरी में पारदर्शिता बरती जा रही है। छग में रोड का जाल बिछ रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में नई जगहों को विकसित किया जा रहा है।

युवा नेता आकाश पांडे ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार बनते हुए राज्य में खुशहाली आ गई है। भ्रष्टाचार खत्म हो गया। राज्य में सुशासन स्थापित हो गया। बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है। माफियाओं का राज खत्म हो गया। साय सरकार में किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं सभी खुश हैं।

पार्षद विजय मोटवानी का कहना है कि सेवा संकल्प तथा समाधान भाजपा का मूल मंत्र है। भाजपा की प्रदेश सरकार ने किसान, युवा बेरोगार, गरीब, मजदूर, महिलाएं सहित सभी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं बनाकर धरातल पर उतारी है। आवास योजना व कृषि से संबंधित योजनाओं से लोगों को जीवन समृद्ध बना है। युवाओं पर फोकस कर रोजगार के अवसर खोले गए हैं।

युवा नेता महेन्द्र खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार आते ही राज्य में सुशासन स्थापित हो गया। यह सरकार अपना वादा निभा रही है। महिलाओं को महतारी वंदन राशि, किसानों से 3100 रूपये में धान खरीदी आदि ऐसी योजनाएं हैं जो राज्य में लागू है। मोदी की गारंटी के तहत किया गया वादा पूरा हो रहा है। प्रदेश में अब हर वर्ग खुश है।

### एक वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह फेल : शरद



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह फेलयर साबित हो गया। राज्य में कहीं भी उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं हुआ है। चारों ओर अराजकता फैली हुई है। चाकूबाजी, मारपीट, लूट, हत्या, नकबजनी, बलात्कार, चोरी, डकैती आदि की घटनाएं बढ़ी हैं। किसान, व्यापारी, मजदूर, आदिवासी, बेरोजगार, विद्यार्थी, महिलाएं सभी वर्ग परेशान हैं। राज्य में माफियाओं का बोलबाला है। एक वर्ष के अंदर भ्रष्टाचार का ग्राफ काफी उपर पहुंच गया। अधिकारी राज फिर वापस आ गया। लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो गया।



ब्लाक अध्यक्ष शहर योगेश शर्मा का कहना है कि भाजपा सरकार के एक वर्ष के असफल कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की स्थिति बदहाल हो गई है। सरकार के नेतृत्व में बलौदाबाजार कांड, बलरामपुर पुलिस अभिरक्षा में मौत, आदिवासी फर्जी मुठभेड़, शहरों में लगातार, बढ़ते अपराध, नशाखोरी से त्रस्त आम जनता, हसदेव जंगल कटाई, महिलाओं के साथ अनाचार, विद्युत दर में बढ़ोतरी से आम जनता त्रस्त, आवास योजना में बेफिजूल नियम, बदहाल कानून व्यवस्था, किसानों के साथ बदहाली, कमीशनखोरी, बढ़ती बेरोजगारी आदि उनकी प्रमुख उपलब्धि है।

# तीन दिनों तक शीतलहर चलने की चेतावनी

■ उत्तर तथा मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में एक-दो पॉकेट होगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौसम विभाग ने तीन दिनों तक उत्तरी एवं मध्य छग में शीतलहर की संभावना बताई है। 16 दिसंबर सुबह 8.30 बजे तक के लिए प्रदेश के गौरेला, पेंड्रा, मरवाही, कोरबा, मुंगेली, दुर्ग, खैरागढ़, छुहीखदान, गंडई, कबीरधार, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, सूरजपुर, सरगुजा और बलरामपुर के एक दो पॉकेट में शीतलहर चलने की स्थिति बनी हुई है। 17 दिसंबर को भी उत्तर छग में शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने उक्त स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी की है।

इधर 15 दिसंबर के आसपास दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने वाला है। तत्पश्चात अगले दो दिनों में निम्न दबाव का क्षेत्र अधिक स्पष्ट होने व पश्चिम, उत्तर पश्चिम की दिशा में तमिलनाडु तट की ओर बढ़ने की संभावना है। 18 दिसंबर की सुबह से दक्षिण छग में आकाश मेघमय रहने तथा एक दो स्थानों पर हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। धमतरी जिले में शनिवार को अधिकतम तापमान 26 सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। यह तापमान इस साल के ठंड सीजन में सबसे निचले स्तर पर है।

### शीतलहर में सावधानी बरतें

शीतलहर के दौरान यथासंभव घर पर रहे। ठंडी हवा से बचने कम से कम यात्रा करें। पहने हुए कपड़ा हमेशा सूखा रखें, गीला होने पर शरीर की गर्मी बचाने शीघ्र कपड़ा बदले, निरंगुल दस्ताने अच्छा रक्षा कवच होता है। नियमित रूप से गर्म पेय सेवन करें। अंगुलियों एवं अंगूठों का सफेद होना या फीकापन या नाक के टिप पर शीतदंश शीतलहर के प्रभाव के लक्षण होते हैं। शीतदंश से प्रभावित शरीर को आग से गर्म न करें। उस पर गर्म पानी डाले जो शरीर के अप्रभावित हिस्सों के लिए तापमान स्पर्श करने लायक हो। शराब का सेवन नहीं करें। यह शरीर के तापमान को घटाता है।

### धान कटाई के बाद बढ़ोना करने की अनूठी परंपरा

**अंवरी।** अंचल के किसान बढ़ोना की परम्परा का निर्वहन आज भी कर रहे हैं। किसान धान फसल को काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न माता की पूजा अर्चना करते हैं। ग्राम अंवरी निवासी किसान थानेश्वर साहू ने बताया कि फसल के अच्छे उत्पादन के लिए किसान अपने धान की कटाई को पूरा कर लेने के बाद धान फसल के एक छोटे से हिस्से को बचा लेते हैं। वहां पर धान काटने के औजारों को भी रखा जाता है। उसके बाद पूरे विधि-विधान से अन्न माता एवं कृषि औजारों की पूजा-अर्चना की जाती है।

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सोशल मीडिया व आनलाइन साइट पर बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली में दर्ज धारा 67, 67-बी आईटी एक्ट का भारत सरकार के ग्रह मंत्रालय के एनसीआरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा भेजी गई टीपलाइन विषय पर उचित कार्रवाई के लिए संदेही का 28.4.2002 को यूटीसी लॉगिन आईपी एड्रेस दिया गया। उक्त आईपी की सेवा प्रदाता कंपनी से जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया, जिससे लॉगिन आईपी का टावर लोकेशन घटना दिनांक व समय में संदेही मोबाइल के धारक को थाना मोवा रायपुर में होना बताया गया। सिटी कोतवाली द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सोशल मीडिया में महिला व बच्चों से संबंधित पोर्न वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी मोबाइल धारक मो. इरफान उर्फ साहिल पिता मो. इसलाम 24 वर्ष निवासी धामपुर जिला बिजनौर उत्तरप्रदेश को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली से एएसआई अमित सिंह, आरक्षक सुरेन्द्र डडसेना, भूपेन्द्र पदमशाली व गोपाल करहाडे का योगदान रहा।

### पोर्नोग्राफी वीडियो, फोटो अपलोड करना अपराध

आनलाइन साइट अथवा अन्य माध्यम से बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी वीडियो, फोटो अपलोड करना कानून अपराध है। इस प्रकार के कृत्य में भारत सरकार गृह मंत्रालय की एनसीआरबी शाखा दिल्ली से प्रेषित टीपलाइन के अनुसार संबंधित आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जाती है।

## विधायक चंद्राकर के प्रयास से फिर चमकेंगी क्षेत्र की सड़कें

कुरुद विस की चार प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए 54.09 करोड़ रुपये स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



बीते पांच साल कांग्रेस सरकार की उपेक्षा के चलते बदहाली का दंश झेल रहे कुरुद विधानसभा क्षेत्र के चार प्रमुख मार्गों के दिन के बहुरने की उम्मीद है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने अधोसंरचना विकास एवं पूंजीगत व्यय को प्रोत्साहित करने के लिए शासन से लोक निर्माण विभाग के बजट में 54.09 करोड़ की स्वीकृति दिलवाई है। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होगा।

उल्लेखनीय है कि सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य होने से कुरुद नगर सहित दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। विधायक निवास से प्राप्त सूची के अनुसार छग शासन लोक निर्माण विभाग ने विभिन्न सड़कों के सुधारीकरण के लिए नवीन स्वीकृति जारी की है जिसमें कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाले कुरुद-चर्रा-कातलबोड़- नवागांव मार्ग लंबाई 8.80 किमी के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुल-पुलिया निर्माण के लिए 19.40 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। गाड़ाडीह-परखन्दा-गुदगुदा-नारी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण लंबाई 12.70 किमी के लिए 17.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति हुई है। खैरा से मोंगरा सड़क के नवीनीकरण 2.50 किमी के लिए 1.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति है। इसी प्रकार सिर्री-फुसेरा-करगा-चटौद मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 15.52 करोड़ रुपये की स्वीकति हुई है। सभी स्वीकृति हेतु सार्थक प्रयास करने के लिए क्षेत्र की जनता ने विधायक चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

### सालों से हो रही थी सड़क जीर्णोद्धार की मांग

बता दें कि उक्त ग्रामों की सड़कें सुधारीकरण के अभाव में लंबे समय से बदहाली का दंश झेल रही थीं। करीब 32 किमी लंबे इस मार्ग में जगह- जगह डामर उखड़ गया था और बड़े बड़े गड्ढे हादसे का सबब बने हुए थे। स्थानीय लोग सालों से इस मार्ग के जीर्णोद्धार की मांग उठा रहे थे। इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी अत्यधिक है। शहर जाने लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं जिसके चलते हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुछ जनप्रतिनिधियों ने तो उक्त मार्ग के नवनिर्माण की स्वीकृति दिलाने तक की झूठी वाहवाही बटोरी थी लेकिन आज तक निर्माण नहीं हो पाया। अब इस नवीन स्वीकृति पर उनकी उम्मीदें टिकी हुई हैं।

### बुनियादी ढांचा को मजबूत करने का काम हो रहा : अजय



विधायक अजय चंद्राकर ने बताया कि इन सभी सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजा था। मुख्यमंत्री ने सड़क के नव निर्माण के लिए आश्वासन दिया। अब शासन ने सड़क निर्माण कार्य की वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि कुरुद विधानसभा में क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप अधोसंरचना विकास को गति देने के लिए लगातार निर्माण कार्यों को मंजूरी दी जा रही है। बुनियादी सुविधाओं के साथ शिक्षा और खेल से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर भी काम हो रहा है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पोटाश बम के शिकार हुए शावक अगहन के तीन आरोपी गिरफ्तार

जाकर पूछताछ तथा क्राइम सीन रिक्रियेट किया गया। आरोपियों ने बताया कि वे लोग जंगली सुअर के शिकार के लिए ओडिशा के एक व्यक्ति से 700 रुपए नग के हिसाब से 8 पोटाश बम खरीदे थे। दो आरोपियों ने पूर्व में भी पोटाश बम से जंगली सुअर का शिकार करना स्वीकार किया। इस प्रकरण के तीन अन्य आरोपी जैतराम, नरेंद्र तथा ओडिशा का वह व्यापारी जिसने आरोपियों को पोटाश बम बेचा था, फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

उपनिदेशक वरण जैन ने बताया कि जब्त किए गए पोटाश बमों को गरियाबंद पुलिस के बम डिस्पोज स्क्वाड द्वारा सील बंद कर रायपुर की प्रयोगशाला भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि एंटी पोचिंग के आपरेशन के दौरान सूचना होने पर भी सीतानदी एसडीओ एमआर साहू मौके से नदारद रहे। उन्होंने आरोपियों का बयान लेना भी जरूरी नहीं समझा। तीनों आरोपियों को पकड़कर सिहावा स्थित परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया। यहां से न्यायालय नगरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में फरार आरोपियों, तस्करों एवं वन्यप्राणी अवयव की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस के साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम के नोडल अधिकारी गोपाल कश्यप, सहायक संचालक उदंती रिसगांव परिक्षेत्र अधिकारी शैलैश बघेल, अरसीकन्हार परिक्षेत्र अधिकारी प्रतिभा मेश्राम, सुशील सागर, नरेशचंद, राजेंद्र सिन्हा, ओमप्रकाश राव, रिंकी जोशी, टिकेश्वरी साहू, चुरामन घृतलहरे, पुनीत ध्रुव, देवसिंग सहित वन अमला का विशेष योगदान रहा।

## साफ-सफाई से लेकर पानी की व्यवस्था हुई ठप

■ नगर पंचायत के प्लेसमेंट एवं नियमित कर्मचारी हड़ताल पर



**नगरी।** स्वच्छता दीदियों, रेगुलर कर्मचारियों और प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों की साफ सफाई नहीं हो रही है। नगर की मुख्य दुकानों के सामने कचड़ा फैला हुआ है। वार्ड क्रमांक 1 में नाली से निकले गए कचरे पड़े हैं। इससे नगरवासियों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही हैं। मोहल्ले वासियों ने बताया कि कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच रहा है। दूर से लोगों को पानी लाना पड़ रहा है। नगरवासी काफी परेशान है। नगर पंचायत नगरी में अधिकारी कर्मचारी सफाई कर्मी सभी हड़ताल पर हैं जिसके कारण पूरा नगर पानी के लिए तरस रहा है। नगर के लोग जिनके घर बोर हैं, उन पर निर्भर हो चुके हैं। रामगोपाल साहू विधानसभा मीडिया प्रभारी भाजपा मोहल्ले वासियों को पानी की पूर्ति कर रहे हैं। वहीं नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष आराधना शुक्ला ने बताया कि कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर की साफ सफाई से लेकर पानी की व्यवस्था में काफी परेशानी हो रही है। लोगों को पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस हड़ताल में 32 सफाई कर्मी, रेगुलर कर्मचारी 5 और 36 प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

### बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर की चर्चा

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व पालकगण की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। प्रधानपाठक ममता प्रजापति ने अर्धवार्षिक परीक्षा, आय व्यय, बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर चर्चा की।

## सड़क पर टमाटर रखकर किसान ने किया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आरटीओ द्वारा 28000 रुपए का चालान काटने का विरोध करते हुए किसान ने अनोखा प्रदर्शन किया। टमाटर के कैरेट को कलेक्टोरेट के सामने रखकर नारेबाजी की। किसान ने बताया कि उसके टमाटर की कीमत 26000 रुपए है। 5 हजार रुपए गाड़ी का भाड़ा है। अब वे 28000 हजार का चालान कहां से पटाएंगे।

शनिवार को केशकाल से किसान शब्बीर पिकअप वाहन को किराए पर लेकर टमाटर बेचने धमतरी आ रहा था। वाहन निखिल निषाद चला रहा था। रास्ते में आरटीओ की टीम ने उनके वाहन को पकड़ लिया। किसान ने जब अधिकारियों से मिन्नत की तो उन्हें आश्वासन दिया कि चालान नहीं कटेगा। इसके बाद जैसे ही किसान मंडी में पहुंचने वाला था, उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि ओव्हरलोड होने के कारण वाहन का 28000 रुपए का चालान काटा गया है। वाहन चालक ने बताया कि उसकी पिकअप में 105 कैरेट टमाटर लोड था। इतना टमाटर आमतौर पर पिकअप में आता ही है। वे आरटीओ को हर माह एंट्री की राशि भी देते हैं। इसके बाद भी उनका चालान काट दिया गया। किसान ने बताया कि टमाटर की कीमत ही 26000 रुपए है। 5000 रुपए वाहन भाड़ा है। ऐसे में इतना भारी भरकम चालान वे कहां से पटाएंगे। उधर किसान नेता लीलाराम भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि आरटीओ की दादागिरी चल रही है। सीधे साधे किसान उनके शिकार बन रहे हैं। इस मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री से करेंगे।

## कर्मचारियों के लिए बनाए जा रहे आवास में जंग लगे सरिया का इस्तेमाल

■ कई कॉलम टेढ़े-मेढ़े, उच्च अधिकारियों को देखने की फुर्सत ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



सीतानदी अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत अरसीकन्हार परिक्षेत्र में कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य 4 साल से अधूरा है। चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है। कई कॉलम टेढ़े-मेढ़े हैं। छड़ बाहर से दिखाई दे रहा है। ठीक तरीके से कालम का निर्माण नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि अरसीकन्हार परिक्षेत्र में कर्मचारियों के रहने के लिए आवास निर्माण किया गया। उसके बाद दो और ब्लाक का निर्माण किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि वन विभाग दारानिर्माण कार्य किया जा रहा है । इसमें जंग लगे सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। उच्च अधिकारियों को देखने की फुर्सत भी नही है जिसके चलते गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है।



ग्रामीणों ने बताया कि इस भवन में जंग लगे सरिया का इस्तेमाल किया गया। भवन टिकाऊ नहीं रहेगा और जल्द ही जर्जर हो जायेगा। इस संबंध में एसडीओ एमआर साहू से दूरभाष से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकि संपर्क नहीं हो पाया। वहीं अरसीकन्हार परिक्षेत्र अधिकारी प्रतिभा मेश्राम ने बताया कि निर्माण कार्य चल रहा है। अगर निर्माण कार्य में अनियमिता बरती जा रही है तो उस पर रोक लगाई जायेगी।

### चर्रा में आयुष स्वास्थ्य मेला

**कुरूद।** कुरूद विकासखण्ड के ग्राम चर्रा में आयुष विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न रोगों जैसे वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, भगंदर, पथरी, पक्षाघात की निःशुल्क जांच की गई।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


खबर संक्षेप



## बोलेरो की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल

**नगरी।** एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की चपेट में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। नगरी पुलिस द्वारा उसे नगरी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल चालक धमतरी रोड से नगरी की तरफ आ रहा था और बोलेरो वाहन नगरी से धमतरी की ओर जा रहा था। इस बीच बड़ी पुलिया नहर नाली के पास दोनों वाहनों में टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। घायल व्यक्ति का नाम रमेश नेताम पिता विष्णु नेताम ग्राम भैंसामुड़ा बताया गया।

## कुम्हारी में पंथी नृत्य एवं कला स्पर्धा 18 से



**अंवरी।** सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कुम्हारी में दो दिवसीय संगीतमय पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता रखी गई है। 18 दिसम्बर को बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 7 बजे से जागृति कुर्रे अनमोल जागृति सतनाम भजन संध्या ग्राम भलेसर जिला महासमुंद की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात पंथी नृत्य एवं कला प्रतियोगिता प्रारम्भ होगी। पुरुष वर्ग में प्रथम इनाम 7001, द्वितीय 5001, तृतीय 3501, महिला वर्ग में प्रथम 5001, द्वितीय 3001, तृतीय इनाम 2001 रूपये रखा गया है। प्रत्येक मंडली के लिए 1101 सांत्वना राशि रखी गई है।

## अनिरुद्ध का असम राइफल में चयन



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी अनिरूद्ध कंवर पिता स्व.परमेश्वर कंवर का एसएससी जीडी असम राइफल पद पर चयन हुआ है। एसएससी जीडी 2023 का परिणाम 13 दिसंबर को जारी हुआ। उनके चयन पर सरपंच प्रीतबाई कंवर, उपसरपंच लीलाबाई यादव, ग्रामीण अध्यक्ष जनकराम सिन्हा, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष बिरझू कंवर, विजय यदु, तेजेश्वर कंवर, प्रधान आरक्षक शेखर सिन्हा, आरक्षक टीकम डहरिया, कमल यादव, पवन निषाद, प्रवीण सिन्हा, मोहित ध्रुव, वरूण निषाद, तुलसीराम ध्रुव, गुहलेद कंवर, लाला साहू, डॉ.तुमेश साहू, भोजराम कंवर, टेकराम निषाद, विनोद ध्रुव, शिक्षक कुशल कंवर, यादराम साहू, तोरण निषाद, भास्कर, पंकज, रोहित पटेल, खेमसिंह कंवर, सुमन कंवर, जितेन्द्र कंवर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन का दिया संदेश

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्रों व शिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया। छात्रों तथा शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर मानव के अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एकजुटता का संदेश दिया। व्याख्याता संतोष जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमें मानव अधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र की याद दिलाता है जिसे 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया था। मानव अधिकार हर व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार है जिसमें जिंदगी, आजादी, बराबरी, सम्मान का अधिकार, गरिमामय जीवन जीने का अधिकार, नागरिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार शामिल है जिसे धर्म, मूल, जाति, वंश और राष्ट्रीयता के आधार पर भेदभाव नहीं करना है।

कुरूद विधायक ने सीएम विष्णुदेव साय के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर ली प्रेसवार्ता

# डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ में भी विकास की रफ्तार हुई डबल : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने स्थानीय रेस्ट हाऊस में पत्रकारवार्ता आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

श्री चंद्राकर ने बताया कि राज्य सरकार ने वादा पूरा करते हुए 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के भाव से धान की रिकार्ड खरीदी की। इसके अलावा पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत, योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हर घर जल, बड़ी रेललाइन जैसी योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 47690 पक्का मकान, पीएम आवास योजना में 174585 हितग्राहियों को आवास मिला। जनमन योजना में प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातियों के 24542 आवास की स्वीकृति हुई है। राज्य में 11 लाख 20 हजार से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बना है।

आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में विकास की रफ्तार भी डबल हो गई है। बस्तर संभाग में 103 किमी लंबी सड़क, 616 सड़कों का नवीनीकरण, जलजीवन मिशन में 4500 करोड़ के प्रावधान से 50 लाख परिवारों को शुद्ध पेयजल, किसानों को 5 लाख तक अल्पकालीन कृषिऋण, धान का उच्चतम मूल्य सहित धमतरी में बड़ी रेल लाइन की सौगात शामिल है। साय सरकार ने नक्सल उन्मूलन पर फोकस कर नियद मेल्लार योजना से लोगों को लाभान्वित किया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि सरकार की पहली सहभागिता विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रही। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम हुआ। उपलब्धियां हासिल की। यहां की जनता सामाजिक आर्थिक रूप से सक्षम बनी। पूर्ववर्ती सरकार में छग की दशा खराब हो गई थी। हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला था। योजनाओं के नाम पर दिखावा था।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रंजना साहू, पूर्व विधायक पिंकी शाह, प्रकाश बैस, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी आदि उपस्थित थे।




### जिले के मुद्दे टालते रहे

श्री चंद्राकर ने प्रेसवार्ता के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताई। इस दौरान पत्रकारों ने स्थानीय मुद्दे को लेकर श्री चंद्राकर से सवाल पूछा, जिससे वे बचते रहे। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश स्तर की उपलब्धियों को बताने आए हैं। स्थानीय मुद्दे उसी में सम्मिलित है। प्रयास रहेगा कि धमतरी जिले का उत्तरोतर विकास होगा। पत्रकारों ने श्री चंद्राकर से अवैध रेत उत्खनन, स्मार्ट मीटर, खराब सड़कें, जिला चिकित्सालय की समस्याओं के बारे में सवाल पूछा जिसका वे शार्ट में उत्तर दिए। जल जीवन मिशन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने की बात कही। नशे की रोकथाम के लिए स्क्वायड बनाने की बात कही। शराबबंदी पर कार्रवाई होगी। स्कूलों की दशा सुधारने प्रयास होगा। निगम के घोटालों की जांच करवाने पर राजी हुए।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

# आरक्षण की प्रक्रिया 17 से 19 दिसंबर तक होगी

- जनपद पंचायतों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्यों एवं महिला आरक्षण की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के आरक्षण के लिए कलेक्टर ने सूचना जारी कर दी है। छग पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों, अनुदेश एवं निर्देश के परिपालन में ग्राम पंचायत के वार्ड, सरपंच, जनपद पंचायतों के सदस्य, अध्यक्ष तथा जिपं के सदस्यों के पदों का आरक्षण 17 से 19 दिसंबर तक किया जाएगा।

कलेक्टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत धमतरी में 17 दिसंबर को 11 बजे जिला पंचायत धमतरी के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार का आरक्षण होगा। वहीं 12.30 बजे से जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी के अध्यक्ष पदों तथा महिला आरक्षण की कार्रवाई होगी। 17 दिसंबर को जनपद पंचायत धमतरी में 10.30 बजे से, जनपद पंचायत सभाकक्ष कुरूद में 10.30 बजे से, जनपद पंचायत मगरलोड सभाकक्ष में 10.30 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष नगरी में 10.30 बजे से ग्राम पंचायतों के पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई होगी।

19 दिसंबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष धमतरी में 10.30 बजे से जनपद पंचायत धमतरी में, जनपद पंचायत कुरूद में 10.30 बजे से, जनपद पंचायत मगरलोड में 10.30 बजे से, जनपद पंचायत नगरी में 10.30 बजे से जनपद सदस्य के लिए एवं महिलाओं के लिए आरक्षण होगा।

19 दिसंबर को ही 12.30 बजे से धमतरी, कुरूद, नगरी, मगरलोड के जनपद पंचायत सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आवंटन एवं आरक्षण की प्रक्रिया की जाएगी।

# आयकरदाताओं के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा श्री अग्रसेन भवन में उद्योगपतियों, व्यापारियों के लिए इनकम टैक्स में नए नियम की जानकारी एवं विवाद से विश्वास की स्कीम की जानकारी देने के लिए आयकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष महेश जसूजा ने बताया कि पिछले 50 साल के इतिहास में पहली बार छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के निवेदन पर मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बड़े अधिकारियों का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती अपर्णा करण, प्रदीप एस यादव प्रधान आयकर आयुक्त रायपुर, वीरेंद्र कुमार संयुक्त आयकर रायपुर, आनंद सोनी आयकर अधिकारी धमतरी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि विनोद खंडेलवाल, आरके रामरख्यानी, राजू, बीएल जैन, मदन मोहन खंडेलवाल, राजेश गोलछा, नवीन सांखला, अर्जुन दास जसवानी, भजन लाल काररा, केडी वाधवानी, अजय पारेख, पवन अग्रवाल, सत्यनारायण राठी, प्रदीप मिरानी, सुरेश महावर, आर वाधवानी, मनोज सोनी, सलज अग्रवाल, मनोज, अमित अग्रवाल समेत अन्य थे। इस आयोजन में अमृत सुंदरानी, धनराज लूनिया, रवि मुंजवानी, आकाश जसूजा, शैलेश आहूजा, हेमंत वाधवानी का सहयोग रहा।

# संबलपुर सोसाइटी में किसानों का हुआ सम्मान

- सरकार ने गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए : मेश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जनादेश पर्व मनाया गया। प्राथमिक साख सहकारी समिति संबलपुर में किसान देवलाल सिन्हा तेलीनसत्ती, पुरानिक राम साहू सांकरा, खमन बंजारे उसलापुर, दुखुराम साहू बोड़रा, खोरबाहरा राम यादव संबलपुर, पूरन साहू संबलपुर, धनीराम साहू बोड़रा का सम्मान किया गया।

समिति अध्यक्ष तारेंद्र चंद्राकर ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया।

मुख्य वक्ता आनन्द स्वरूप मेश्राम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। जनादेश पर्व ने प्रदेशवासियों में सरकार के प्रति विश्वास और उम्मीद को और मजबूत किया। कार्यक्रम में चित्रसेन ठाकुर, विष्णुराम ध्रुव, हरिओम साहू, बलराम साहू, शत्रुघ्न ठाकुर, नंद झरोखा साहू, कन्हैया राम साहू, रामचरित साहू, प्रेमा यादव, पालकेश्वर साहू, अंगेश्वर साहू, लीपचंद साहू सहित अनेक किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

## बारना में शिव महापुराण कथा 18 तक

**कुरुद।** ग्राम बारना में कल से श्री शिव महापुराण कथा जारी है। ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन 18 दिसम्बर तक होगा। कथावाचक शिवानंद महराज हैं। कार्यक्रम की तैयारी में रुपचंद साहू, खिलावन प्रजापति, मिश्रीलाल पटेल, अमरीश यादव, हेमंत साहू, सुब्बू साहू जुटे हैं।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# 103983 प्रकरणों में 5,95,71,10,909 रुपए का हुआ सेटलमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



**जिले में आयोजित हुई वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत**

रामकुमार तिवारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय धमतरी एवं बाह्य न्यायालय कुरूद एवं नगरी एवं राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इस दौरान न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से दांडिक प्रकरण के 99 मामले, विद्युत बिल के 5 मामले में 1,22,662 रू., श्रम न्यायालय के 13 मामले में 22,700 रू., मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के 3 मामले में 15,70,000 रू., घरेलू हिंसा के 1 मामले, परिवार न्यायालय के 16 मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के 31 मामले में 21,63,023 रू., सिविल के 29 मामले में 15,52,274 रू., पीटि अफेन्स के 187 मामले में 4,53,100 रू., पीटि अफेन्स ऑफ जुनाईल के 8 मामले, ट्रेफिक चालान के 1152 मामले में 6,45,700 रू. कुल 1544 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 65,29,459 रूपये का सेटलमेंट किया गया।

प्रीलिटिगेशन एवं राजस्व न्यायालयों के 102439 प्रकरणों में 5,95,05,81,450 रूपये का सेटलमेंट किया गया। इस प्रकार कुल 103983 प्रकरणों में 5,95,71,10,909 रूपये का सेटलमेंट किया गया।

## पीएम स्वनिधि योजना में नगर निगम को पुरस्कार

**धमतरी।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना में धमतरी जिले को सफलता मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर निगम धमतरी को पीएम स्वनिधि योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए पुरस्कृत किया। यह सम्मान रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों की मदद में अव्वल रहने के मद्देनजर नगर निगम धमतरी को मिला है। ननि आयुक्त प्रिया गोयल सहित मिशन मैनेजर विमल साहू ने यह सम्मान मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त किया। नगर निगम ने इन योजनाओं के अंतर्गत छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और शहरी गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है।

राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
BEFORE AFTER
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

17 दिसम्बर मंगलवार गायत्री मंदिर कुरूद
18 दिसम्बर बुधवार सूरज मेडिकल धमतरी
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
ठंड में गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
शुगर, बी.पी. थायराइड कोलेस्ट्रॉल यौन समस्या का विशेष उपचार
नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर
लगभग 1500/- की जांच बिलकुल फ्री
ECG (हार्ट की जांच), BMI (हड्डी की जांच)
मोटापे की जांच
पाईल्स, भंगदर की जांच मशीन द्वारा
खून की जांच FREE थायराइड, हीमोग्लोबिन कैल्शियम, यूरिक एसिड, कॉलेस्ट्रॉल
Dr Lal PathLabs
रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर
सुबह 10 से 4 बजे तक
मूत्र रोग : पेशाब करते समय जलन, दर्द, कमजोर धार, ताकत लगाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, झाग, बदूब, पेनिस में छाले, UTI, प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न, यौन कमजोरी
स्त्री रोग : पुराना सिर दर्द (माइग्रेन) PCOD (महीना अच्छे से न आना), सफेद पानी (Leucorrhoea), ब्रेस्ट में गाठ (Fibroadenoma)
पेट एवं गुदा रोग : गैस, भूख न लगना, कब्ज (पेट साफ न होना) पाईल्स, भगन्दर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, मवाद एवं खून आना का दवा द्वारा संपूर्ण निदान।
दवाईयों पर 50% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
कृपया फोन पर रजिस्ट्रेशन करायें
8982316464, 9406004581
धमतरी - सूरज मेडिकल, घड़ी चौक के पास, धमतरी (छ.ग.)
कुरूद - गायत्री मंदिर, कुरूद (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025 10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)